# Grandparents Day- Vatsalyam 2019 Culminates Amidst Zeal and Enthusiasm @ SBPS

*****The scintillating performance of the students left the audience spellbound.

The celebration of Grandparents day- Vatsalyam 2019 with the theme 'Abhyudaya' by the students of KG-I and KG-II continued amid great verve and ardour on 23rd August 2019. This year, the school is celebrating the 10th edition of Vatsalyam through which the students expressed their love and gratitude towards their grandparents. The event commenced with the lighting of the ceremonial lamp and the release of the school magazine 'Sahastranshu'- Vol. III with the theme 'Change for a better future' by the eminent guests and dignitaries. The newly- constructed, highly equipped shooting range 'Eklavya Prashikshan Kendra' was also inaugurated. The cultural programme commenced amidst abundant vibrance with the 'Saraswati Vandana' by the school choir followed by a live performance 'Anurakti' in which the students enthralled the audience with a song and dance depicting their love for their grandparents. Then the school Annual Report was presented by the head boy and the head girl. It was followed by a programme 'Honey-Bunny', a dance wherein the students presented themselves in the form of different animals followed by 'Flurries and Fun' depicting the significance of seasons. The programme 'Aalokik Bharat' presented the people of different states of India with the message of unity in diversity. The students also performed a dance drama named 'Glories of Shri Krishna' which manifested the different stages of Lord Krishna's life. The audience were highly elated and lauded for the performances presented by the Tiny Tots. The event finally culminated with the vote of thanks and the rendition of the school song followed by the national anthem. The success of the event was evident through the gleeful smiles and emotional eyes of the grandparents as they were overwhelmed to see their grandchildren performing for them.

Dr. Prof. V. K. Singh, Registrar, Sarala Birla University congratulated the teachers and said that SBPS aims at the holistic development of the students. He appreciated the effort of the school administration for preserving the Indian culture. In this way, the students are imbibed with moral ethics in addition to academic excellence. He added that we intend to impart quality education from KG to PG.

School Head Personnel & Admin Mr. Pradip Varma appreciated the commendable efforts put in by the kids towards making the event a huge success and said that SBPS always aims to connect the students with the traditional roots through such programmes.

School Principal Mrs. Paramjit Kaur said that it is important to sensitize kids about the role of grandparents in one’s life and teach them about respecting and looking after them in their old age. Hence this special day was organized to strengthen the unique bond between kids and their grandparents.

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम–2019 धूमधाम से सम्पन्न

❖ **बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति से सभी मंत्रमुग्ध हुए**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम–2019 के दूसरे दिन 'अभ्युदय' थीम पर आधारित सांस्कृतिक समारोह ने अद्भुत छटा बिखेरी। दादा–दादी और नाना–नानी को समर्पित इस कार्यक्रम के द्वारा परिवार के प्रमुख स्तंभ अपने ग्रैण्डपैरेन्ट्स के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए केजी-I और केजी-II के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। दीप प्रज्ज्वलन के साथ वात्सल्यम–2019 की दसवीं एडिशन का भव्य शुभारंभ किया गया। नन्हे बच्चों ने स्वागत गीत के साथ समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की पत्रिका 'सहस्त्रांशु' का विमोचन किया। उन्होंने विद्यालय में नवनिर्मित, अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न शूटिंग रेंज 'एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र' का उद्घाटन भी किया।
सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ जो अद्भुत दृश्य उपस्थित करने में सफल रहा। बच्चों ने 'अनुरक्ति' कार्यक्रम में गीत एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को भावुक कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने अपने दादा–दादी एवं नाना–नानी को सम्मान दिया। विद्यालय के हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। तत्पश्चात 'हनी–बनी' कार्यक्रम में विभिन्न पशुओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखलायी। 'xलरिज़ एण्ड फन' कार्यक्रम में आकर्षक नृत्य द्वारा ऋतुओं की विशेषता बताई गई। 'अलौकिक भारत' में भारत के विभिन्न राज्यों के बारे में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर एकता में अखंडता का संदेश दिया, वहीं 'ग्लोरिज़ ऑफ श्रीकृष्ण' नामक कार्यक्रम में श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों को दिखाया गया। छोटे–छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहिनी प्रस्तुति द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दादा–दादी अपने बच्चों की प्रतिभा देख आत्मविभोर हो गए साथ ही उनके चेहरे पर खुशी के भाव दिखे, जो कार्यक्रम की सफलता का परिचय दे रहा था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय प्रार्थना तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सरला बिरला यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. (प्रो.) वी. के. सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने भारतीय संस्कारों और बुजुर्गों की अहमियत को सहेजने के लिए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। बच्चों को शैक्षणिक रूप से योग्य बनाने के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों में भी सक्षम बनाने के लिए विद्यालय बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि हम केजी से पीजी तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख श्री प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे संस्थान का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि बच्चों को उनकी परंपरा से जोड़े रखें।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि बच्चों की शानदार प्रस्तुति अपने बुजुर्गों के प्रति उनके सम्मान को प्रदर्शित करता है। इस तरह के कार्यक्रम बुजुर्गों का सम्मान बढाते हैं एवं बच्चों के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाते हैं।




BPS






SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL



